भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रैस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने अपने सभी हवाई अड्डों पर 15, नवंबर, 2016 (अर्थात 14 नवंबर, 16 मध्य रात्रि) से 21 नवंबर,2016 (2359 घंटे)तक नि:शुल्क कार पार्किंग सेवा की अवधि बढाई ।

नई दिल्ली , 14 नवंबर ,2016

संपूर्ण राष्ट्र में मुद्रा के विमुद्रीकरण(रूपये 1000 एवं रूपये 500 के नोट के कारण नागरिक मुद्रा की कठिनाईयों का सामना कर रहें हैं । अत: भाविप्रा ने भारत सरकार के इस अभियान में समर्थन देने के लिए तथा विमान यात्रियों एवं हवाई अड्डा प्रयोगकर्ताओं की यथा संभव सहायता करने का निर्णय लिया है।

मुद्रा नोट के विमुद्रीकरण के कारण मुद्रा कठिनाई के वर्तमान संकट की स्थिति में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 14,नवंबर,2016 की मध्य रात्रि से 21 नवंबर,2016 तक राष्ट्र के हवाई अड्डा प्रयोगकर्ताओं की सहायता के रूप में कार पार्किंग प्रभार में छूट देने कर निर्णय लिया है।

तदनुसार, सभी भाविप्रा हवाई अड्डों के विमानपत्तन निदेशकों को निदेश दिए गए हैं । किसी भी पूछताछ, यदि काई हो, के लिए भाविप्रा के संबंधित विमानपत्तन निदेशक से संपर्क किया जा सकता है ।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
म.प्र (जनसंपर्क), 9811521881,011-24622787
संख्या. 50/2016-17